**अग्निकांड** करोड़ों के नुकसान की आशंका, आग ने कार को लिया चपेट में, धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखा

# खुले में रखे प्लास्टिक पाइप व कूलर गोदाम में आग का तांडव







**अनूपपुर, नवभारत18 मई।** अनूपपुर जिले में सोमवार को दो स्थानों में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जिला मुख्यालय में अमरकंटक रोड स्थित चंदास नदी के पुल के पास खुले मैदान में रखी पाइपों में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

आग इतनी भयावह थी कि उसका धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। वहीं दूसरी ओर जैतहरी नगर में में रविवार-सोमवार की रात्रि में कूलर गोदाम में भीषण आग लग नेसे करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई गई हैं।

### आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मची

जिला मुख्यालय में सुबह अमरकंटक रोड स्थित चंदास नदी के पुल के पास खुले मैदान में रखें पाइपों में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि उसका धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### करोड़ों रुपए के कूलर धू-धूकर जल गये

जिले के जैतहरी में देर रात एक कूलर गोदाम में भीषण आग लगने से वहां रखे करोड़ों रुपए के कूलर धू-धूकर जल गये। गोदाम में निकल रही आग की लपटें और धुएं को देखकर वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीमों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। इस आगजनी की घटना में करोड़ों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### भीड़ ने आग बुझाने की कोशिश की

घटना जैतहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित कूलर गोदाम की है। जहां गोदाम में देर रात अचानक से आग भड़क गई। गोदाम में ज्वलनशील पदार्थ रखे होने के कारण आग ने कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखे कूलर, शेड और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। मौके के मौजूद भीड़ अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश में जुटी हुई थी, लेकिन आग पर काबू नहीं कर सके। वहीं, गोदाम के पास खड़ी एक कार भी आग की चपेट में आकर जल गई।

### फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर पाया काबू

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक भारी नुकसान हो चुका था। बताया जा रहा है कि यह गोदाम भाजपा नेता विजय शुक्ला का है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई घटना

सूत्रों के अनुसार, आग लगने की यह घटना पूरी तरह संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। शुरुआती इनपुट्स के मुताबिक, गोदाम में ही काम करने वाले एक कर्मचारी पर कथित तौर पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लग रहा है। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर को किसी गलती को लेकर गोदाम मालिक विजय शुक्ला ने उक्त कर्मचारी को फटकार लगाई थी। इस बात से नाराज होकर कर्मचारी ने गुस्से में इस खौफनाक कदम को अंजाम दिया, ऐसा संदेह जताया जा रहा है।

### आग लगने के करणों का पता लगाया जा रहा

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही आग लगने के असली कारणों और आरोपी की भूमिका का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा। अनुविभागीय विभागीय अधिकारी (पुलिस) नवीन तिवारी ने बताया कि जिला मुख्यालय में खुले में रखी प्लास्टिक के पाइप में आग लगने एवं जैतहरी नगर में कूलर गोदाम में लगी आग के करणों का पता लगाया जा रहा है एवं साक्ष्य इकट्ठा कर कार्यवाही की जाएगी।



# 1.12 करोड़ रुपये का गांजा जब्त एक तस्कर गिरफ्तार, 1 फरार

**छत्तीसगढ़ से शहडोल जा रहा था गांजा**

**राजनगर, नवभारत 18 मई।** रामनगर पुलिस ने रविवार-सोमवार की रात्रि की बड़ी कार्यवाही करते हुए एक नई कार में 225.740 किलोग्राम अवैध गांजा सहित कार चालक गिरफ्तार किया हैं, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 12 लाख आंकी गई हैं।

आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि जब्त कार 29 अप्रैल को खरीदी गई थी। वाहन मालिक और गांजा परिवहन के अन्य बिंदुओं पर विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक ने बताया कि रविवार की रात मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्रमांक एमपी 19 सी 0003ज्ञ में भारी मात्रा में अवैध गांजा भर कर छत्तीसगढ़ के मरवाही से शहडोल की तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर ग्राम फुलवारीटोला मार्ग पर नाकाबंदी की गई।

### कार पेड़ से टकरा गई

इस दौरान कार आती दिखाई दी, जिसे रोकने के दौरान चालक ने कार रोड से नीचे उतार दी, जिससे कार पेड़ से टकरा गई। कार चालक सुमित मिश्रा उर्फ बेटू ने पूछताछ बताया कि वाहन में हम दो व्यक्ति सवार थे। एक व्यक्ति गाड़ी के टकराने से भाग गया, किंतु गाड़ी से मोबाइल बरामद हुए हैं। वाहन की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये एवं मोबाइल की कीमत लगभग 20 हजार रुपये है।

# एआईओसीडी का बड़ा ऐलान, 20 को दवा दुकानें रहेंगी बंद

**केमिस्ट एसोसिएशन ने देशव्यापी हड़ताल का किया आह्वान**

**कोतमा, नवभारत 18 मई।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ने 20 मई बुधवार को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। संगठन की ओर से जारी आधिकारिक पोस्टर के अनुसार, इस दिन देश भर के दवा विक्रेता (केमिस्ट्स) अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

केमिस्ट एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस राष्ट्रव्यापी बंद के पीछे संगठन ने मुख्य रूप से तीन बड़ी मांगें रखी हैं। संगठन की सबसे प्रमुख मांग ई-फार्मेसी और ऑनलाइन माध्यम से बेची जा रही दवाओं पर प्रतिबंध लगाने की है। इसके साथ ही सरकार से मांग की गई है कि जीएसआर 817 को तत्काल वापस लिया जाए।

### कॉरपोरेट्स द्वारा भारी डिस्काउंटिंग बंद हो

बड़े कॉरपोरेट घरानों और चेन फार्मेसियों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे भारी डिस्काउंट का विरोध किया जा रहा है। एसोसिएशन का मानना है कि इससे छोटे और स्थानीय दवा विक्रेताओं के व्यापार को भारी नुकसान पहुंच रहा है। देश में नकली दवाओं के बढ़ते नेटवर्क पर चिंता जताते हुए एसोसिएशन ने कोविड जीएसआर 220 को वापस लेने की मांग उठाई है, ताकि दवाओं की गुणवत्ता और प्रमाणिकता बनी रहे।

### मरीजों से जताई सहानुभूति

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने पोस्टर के माध्यम से यह भी संदेश दिया है कि इस हड़ताल के कारण आम जनता और मरीजों को होने वाली असुविधा के लिए उन्हें गहरा खेद है। लेकिन केमिस्टों के अस्तित्व और मरीजों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया है। बुधवार को होने वाले इस देशव्यापी बंद के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में आम नागरिकों को दवाएं खरीदने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

## बिजुरी के लोकसेवा केंद्र में मनमानी, जनता परेशान

**अनूपपुर, नवभारत 18 मई।** जिले के बिजुरी नगर स्थित लोकसेवा केंद्र इन दिनों अव्यवस्था और मनमानी को लेकर चर्चा में है। केंद्र के समय पर संचालित नहीं होने और निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूले जाने के आरोपों से आमजन में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जरूरी दस्तावेज बनवाने और विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को बार-बार केंद्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन केंद्र अक्सर बंद मिलता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन संबंधी कार्य, आधार अपडेट सहित अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए शासन द्वारा तय शुल्क से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं।

# शराब पिलाकर युवक से 1.20 लाख की धोखाधड़ी

**पीड़ित की मां ने थाना प्रभारी से लिखित शिकायत कर की दंडात्मक कार्यवाही की मांग**



**कोतमा, नवभारत 18 मई।** थाना कोतमा अंतर्गत एक युवक को नशा कराकर उसके मोबाइल के जरिए बैंक खाते से 1,20,000 रुपये उड़ाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने इस संबंध में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, गोविंदा क्वार्टर निवासी महिला सुशीला साहू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पुत्र आशीष कुमार साहू को क्षेत्र के ही साहब सिद्दीकी, जिशान खान एवं एक अन्य युवकों ने शराब पिलाई। जब आशीष अत्यधिक नशे की हालत में आ गया, तो आरोपी उसका मोबाइल अपने साथ ले गए।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

पीड़िता सुशीला साहू ने बैंक स्टेटमेंट और इलाज के दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करते हुए थाना प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ तत्काल जांच कर उचित व दंडात्मक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सिम बदलकर उड़ाए पैसे

पीड़ित की मां ने बताया कि उक्त मोबाइल में जो सिम कार्ड लगा था, वह उसके ससुर के नाम पर दर्ज था। उस सिम से पीड़ित के पति का बैंक खाता और मोबाइल नंबर लिंक था। आरोपियों ने इसी का फायदा उठाते हुए अवैध तरीके से अलग-अलग अकाउंट नंबरों में कुल 1,20,000 (एक लाख बीस हजार रुपये) ट्रांसफर कर लिए।

### पीड़ित का चल रहा है मानसिक इलाज

शिकायत पत्र में महिला ने यह भी उल्लेख किया है कि उनके बेटे आशीष की मानसिक और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। उसका पिछले 7 वर्षों से रायपुर में मनोचिकित्सक डॉ. प्रकाश नारायण शुक्ल के पास इलाज चल रहा है। आरोपियों ने उसकी इसी कमजोरी का फायदा उठाकर इस ठगी को अंजाम दिया।, पीड़िता ने साक्ष्य के तौर पुलिस को वीडियो उपलब्ध करवाए हैं

## प्रदीप कर्मचारी कांग्रेस विभाग के प्रदेश सचिव बने



**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन ने जिले के वरिष्ठ एवं सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदीप द्विवेदी को प्रदेश में स्थापन देते हुए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग का प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया है। बरगवां अमलाई निवासी प्रदीप द्विवेदी लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़कर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। धर्म-कर्म एवं सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले प्रदीप द्विवेदी अपनी सादगी, सहज व्यवहार और दिखावे से दूर रहकर जनसेवा करने की कार्यशैली के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग के नवनियुक्त प्रदेश सचिव प्रदीप द्विवेदी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

## संजय साहू फिर से पैरालीगल वॉलेंटियर नियुक्त



**जमुना कोतमा नवभारत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा जारी आदेश के तहत सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसेवक संजय साहू निवासी नवा टोला पकरिया सकोला को पुन: पैरालीगल वॉलेंटियर (पीएलवी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के कमजोर, पिछड़े, अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग, अपराध पीड़ितों एवं जरूरतमंद लोगों को नि :शुल्क विधिक सहायता और कानूनी सलाह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चयनित पैरालीगल वॉलेंटियर्स की सूची जारी की गई है, जिसमें संजय साहू का नाम भी शामिल है। संजय साहू ने कहा कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे ।



## दिवंगत शिक्षक के परिजनों को मिली सहायता राशि

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक के निर्देशन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ द्वारा संवेदनशील एवं त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए दिवंगत शिक्षक रमेश सिंह धुर्वे के परिजनों को एक ही दिवस में 6 लाख 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमेहड़ी में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं संकुल दमेहड़ी के पूर्व प्रभारी प्राचार्य रमेश सिंह धुर्वे का लंबी बीमारी के बाद 14 मई को निधन हो गया था। निधन की सूचना मिलते ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश तिवारी उनके गृह ग्राम घुईदादर पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इसके बाद विभागीय प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए प्रशासन ने मात्र 12 घंटे के भीतर 5 लाख रुपए की बीमा राशि तथा 1 लाख 25 हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि नामिनी के खाते में अंतरित करा दी गई।

# किसानों के लिए क्लस्टर डेवलप करें विभाग : पंचोली




**कलेक्टर ने कहा- पेट्रोल-डीजल आपूर्ति रहे सुचारू**

**अनूपपुर, नवभारत 18 मई।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले की ग्राम पंचायत दारसागर एवं भाद में किसानों को चिन्हित कर क्लस्टर विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एपीसी से जुड़े उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन एवं कृषि विभाग किसानों तक विभागीय योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचाएं और उन्हें कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए प्रेरित करें।

कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने किसानों को पॉलीहाउस परियोजना सहित मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि ईंधन की आपूर्ति नियमित एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाए।

### सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना तथा विद्युत विभाग से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की गई।

### प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

जल जीवन मिशन अंतर्गत जल दर्पण पोर्टल पर रोजगार सहायकों को ऑनबोर्ड करने की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी जनपदों में शीघ्र प्रशिक्षण आयोजित करने तथा प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नल-जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक पानी पहुंच रहा है या नहीं।



# भक्ति रस में सराबोर हुए हजारों श्रद्धालु

**जमुना-कोतमा 18 मई।** कोयलांचल क्षेत्र इन दिनों धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के रंग में रंगा हुआ है। वार्ड क्रमांक 7, भालूमाड़ा थाना के पास पसान स्थित पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा स्थल पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया है, जहां 'राधे-राधे' और 'जय श्री कृष्ण' के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं।

17 मई को कथा के दौरान गोवर्धन पूजा प्रसंग का अत्यंत अद्भुत एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक आचार्य पं. धर्मेन्द्र अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर भक्तों की रक्षा करने की कथा सुनाई, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा एवं संगीतमय भजनों पर हजारों श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते और नृत्य करते नजर आए।

### आज सुनाया जाएगा रुक्मणी विवाह प्रसंग

18 मई को रुक्मणी विवाह प्रसंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अपार महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल को आकर्षक सजावट एवं रोशनी से सजाया गया है। प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की जा रही है।

**राहत** रेस्क्यू को लेकर आज वन विभाग करेगा परीक्षण, दल 150 दिनों से अनूपपुर, शहडोल और डिंडोरी वन क्षेत्रों में विचरण कर रहा था

# चार हाथियों का दल छत्तीसगढ़ पहुंचा, खतरनाक दंतैल जंगल में डटा है

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर और शहडोल जिले में लंबे समय से विचरण कर रहे पांच हाथियों के समूह में शामिल चार हाथियों का दल सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल क्षेत्र में पहुंच गया, जबकि एक खतरनाक दंतैल हाथी लगातार पांचवें दिन शहडोल जिले के रामपुर के जंगल में डटा हुआ है।

इस हाथी की आक्रामक गतिविधियों और लगातार हो रही जनहानि के चलते वन विभाग द्वारा उसके रेस्क्यू की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम हाथी के व्यवहार, विचरण क्षेत्र और स्वभाव का परीक्षण करेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

### फसलों और घरों को पहुंचाया नुकसान

जानकारी के अनुसार चार हाथियों का समूह पिछले लगभग 150 दिनों से अनूपपुर, शहडोल और डिंडोरी जिलों के विभिन्न वन क्षेत्रों में विचरण कर रहा था। यह दल रात के समय ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर खेतों की फसलें और घरों को नुकसान पहुंचा रहा था। यह समूह सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे गुजरा नाला पार कर छत्तीसगढ़ के मरवाही वन परिक्षेत्र अंतर्गत दैगांव गांव के समीप छुलहनी जंगल में पहुंच गया, जहां फिलहाल विश्राम कर रहा है।

### दंतैल हाथी चार लोगों की जान ले चुका है

दूसरी ओर एक अकेला दंतैल हाथी क्षेत्र में भारी दहशत का कारण बना हुआ है। यह हाथी बीते डेढ़ माह में मरवाही, अनूपपुर और शहडोल जिलों में चार लोगों और आठ पालतू मवेशियों की जान ले चुका है, जबकि दो बच्चों और एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर चुका है। बताया गया कि इस हाथी ने 2 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कटघोड़ा वन मंडल से मध्यप्रदेश सीमा में प्रवेश किया था।



### दंतैल हाथी के रेस्क्यू की मांग

लगातार बढ़ रही घटनाओं और ग्रामीणों के दबाव के बीच जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर हाथी के रेस्क्यू की मांग की है। संभावना जताई जा रही है कि परीक्षण के बाद जल्द ही हाथी को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

### बैरिहा गांव के एक मकान में की तोड़फोड़

रविवार रात भी दंतैल हाथी रामपुर के जंगल से निकलकर बैरिहा गांव पहुंचा, जहां उसने राजू यादव के घर में तोड़फोड़ कर अनाज खाया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर वह वापस जंगल में चला गया, लेकिन देर रात फिर बाहर निकलकर पप्पू बरगाही के खेत में लगे कटहल के पेड़ को नुकसान पहुंचाते हुए फसल खाई। सोमवार सुबह वह फिर रामपुर जंगल में डेरा जमाया हैं।

## समय से पहले लक्ष्य हासिल करने वाले चार्ज अधिकारी हुए सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में चल रहे मकानों की गणना और मकान सूचीकरण प्रथम चरण के कार्य में निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में बड़ी सफलता देखने को मिली है। कुल 16 चार्ज क्षेत्रों में चल रहे इस अभियान के दौरान कई अधिकारियों ने समय सीमा से पहले ही अपना 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर एक बेहतरीन मिसाल पेश की है।रविवार को नगर निगम में आयोजित एक विशेष समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा शानदार प्रदर्शन करने वाले चार्ज अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिसमें सुरेन्द्र मिश्रा चार्ज क्र. 07 अधारताल, पंकज अवस्थी चार्ज क्र. 03 रामपुर, अनुपम शुक्ला चार्ज क्र. 05 बल्देवबाग, जागेन्द्र सिंह चार्ज क्र. 09 लालमाटी के नाम शामिल थे।